☎ : (0551) 2257138
2257570

# गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक एवं कॉम्पोनेन्ट सेन्टर

गोरखनाथ मंदिर परिसर, गोरखनाथ, गोरखपुर-273015

पत्रांक.......................... दिनांक..........................

प्रिय नगर वासियों, रक्तदान – महादान जीवनदान के रुप में प्रचलित है, इस सुक्ती को सिद्ध करने हेतु अथवा साकार करने हेतु जनमानस का सहयोग तथा रक्तदान की भावना विकसित करना परम आवश्यक है। रक्तदान के प्रति फैली भ्रांतियों का अब समय आ गया है, विस्मरण अथवा भुलाया जाए। एक स्वस्थ्य व्यक्ति जो 18 से 65 वर्ष की आयु का है तथा जिसका वजन 45 किलो ग्राम से अधिक है वह बिना किसी संकोच अथवा भय के रक्तदान कर सकता है। अपने परिजन अथवा मित्र के लिए जो रक्तदान आप करें उससे अधिक महत्वपूर्ण है कि बिना किसी आवश्यकता के ही स्वरक्तदान कर समाज कि सेवा एवं मानवता के क्षेत्र में महर्षी दधीचि के रुप में अपने को स्थापित करें। आग्रह है युवाओं से जो इस देश के कर्णधार हैं कि रक्तदान में बढ – चढकर हिस्सा लें। हमारे क्षेत्र में प्रदेश में तथा पूरे भारत वर्ष में रक्त की बेहद कमी है। एक राष्ट्रिय आंकडे के अनुसार भारत वर्ष में लगभग एक करोड 50 लाख युनिट रक्त की आवश्यकता है तथा केवल 80 लाख यूनिट की ही भरपाई हो पाती है, यह एक चिन्तनीय स्थिती है। इस परिस्थिती से उबरने हेतु जनमानस को आगे आना होगा। यह बता दें कि रक्तदान से कोइ हानि तो बहुत दूर की बात है, अपितु रक्तदान से स्वयं को बहुत लाभ है, जैसे रक्तचाप हृदयाधात, मोटापा यहां तक की कैंसर जैसे रोगों से बचाव होता है। रक्तदान हेतु स्वरक्तदाताओं को किसी निकट स्थिती ब्लड बैंक में जाना पडता था। अब गुरु श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक ने पूरे पूर्वांचल मे पहली बार एक स्वचलित ब्लड बैंक रक्त वाहन के रुप में आरंभ किया है। किसी भी संस्था तथा संगठन अथवा समुदाय संस्था द्वारा आयोजित रक्तदान शिविरों में अब यह रक्त वाहन पहुॅच कर रक्तदान सफलतापूर्वक संम्पन्न करायेगा। यह वही बात है कि अब गोरखनाथ ब्लड बैंक इस सुक्ती को गलत सिद्ध कर देगा कि प्यासा कुएं के पास जाता है अपितु अब कुँआ प्यासे के पास पहुॅचेगा। हम आपसे रक्तदान की अपेक्षा करते हैं जिससे हमारे समाज तथा मानवता का कल्यांण हो सके।

6/8/19

☎ : (0551) 2257138
2257570

# गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक एवं कॉम्पोनेन्ट सेन्टर

गोरखनाथ मंदिर परिसर, गोरखनाथ, गोरखपुर-273015

पत्रांक......................... दिनांक.........................

संस्था प्रमुख / प्रभारी

मान्यवर

आपको बताते हुए अपार हर्ष हो रहा है कि गोरखनाथ ब्लड बैंक पूर्वांचल में स्थापित होने वाला तथा सम्पूर्ण रुप से सरकारी मानकों को पूरा करते हुए कार्य करने वाला एक अग्रणी ब्लड बैंक है। इसकी स्थापना वर्ष 2005 में हुयी थी जब तत्कालीन केन्द्रिय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्यांण मंत्री डा0 सी0 पी0 ठाकुर ने इसका भव्य एवं विधिवत उद्घाटन किया था। स्थापना काल के बाद ही यह ब्लड बैंक नित्य विकास करता रहा, प्रायः नये – नये आधुनिक उपकरणों से सुशज्जित होता रहा नयी – नयी विधाओं द्वारा समय – समय पर जॉच की सुविधायें उपलब्ध होती गयी। सरकारी मानकों को पूरी तरह से नियमानुसार लागू किया गया, फलस्वरुप विगत एक वर्ष पूर्व ब्लड बैंक कि विनियामक संस्था NACO द्वारा सघन निरिक्षण के पश्चात् इसे प्रदेश का आदर्श, उत्तम एवं मॉडल ब्लड बैंक का दर्जा दिया गया।

संक्रमण एवं संचारी रोगों जैसे डेंगू, वायरल फिवर, मस्तिष्क ज्वर इत्यादि के संक्रमण काल में इस ब्लड बैंक ने अभूतपूर्व कार्य किया। पूरे पूर्वाचल में यहां तक की निकटवर्ती राज्य बिहार अथवा सीमावर्ती देश नेपाल तथा सूदुर विकसित नगरों जैसे वाराणसी एवं लखनऊ में भी प्लेटलेट की आपूर्ती इस ब्लड बैंक द्वारा किया गया, फलस्वरुप जो पूर्व में प्लेटलेट की कमी से मौतें हुआ करती थीं उस पर नियंत्रण पाया गया।

संक्षिप्त आंकडों से अवगत कराते हुए प्रसन्नता हो रही है कि स्थापना काल से अब तक इस ब्लड बैंक ने लगभग तीन लाख रक्त एवं रक्तअवयवों की आपूर्ति कर एक किर्तीमान स्थापित किया है –

अंत में अवगत कराना चाहते हैं उत्कृष्ट गुणवत्ता तथा न्युनतम शुल्क के साथ इस ब्लड बैंक ने मानवता की सेवा में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन करते हुए आज प्रदेश के तीन प्रमुख ब्लड बैंकों मे तथा देश के महत्वपूर्ण ब्लड बैंक मे से एक के रुप में अपना नाम अंकित करा चुका है।

यह सब कार्य और अधिक सफलतापूर्वक तभी संभव हो पायेगा जब स्वरक्तदाता बढ – चढ कर रक्तदान में भाग लें। स्वरक्तदाताओं को और अधिक सुविधा प्रदान करने हेतु पूरे पूर्वांचल में इस ब्लड बैंक ने पहली बार एक चलता –

☎ : (0551) 2257138
2257570

# गुरू श्री गोरक्षनाथ ब्लड बैंक एवं कॉम्पोनेन्ट सेन्टर

गोरखनाथ मंदिर परिसर, गोरखनाथ, गोरखपुर-273015

पत्रांक........................ दिनांक........................

फिरता ब्लड बैंक रक्तदान वाहन आरंभ किया है। अब आवश्यकतानुसार तथा स्वरक्तदाताओं के प्रोत्साहन हेतु यह वाहन आपके संस्था अथवा प्रतिष्ठान पर पहुॅच कर रक्तदान शिविर का आपके आवश्यकतानुसार तथा सुविधा अनुसार का आयोजन करेगी।

रक्तदान के द्वारा आपका सहयोग न केवल ब्लड बैंक को प्राप्त होगा अपितु मानवता के क्षेत्र में एक उत्कृष्ट कार्य को भी संपादित करेगा। आपसे पूर्ण सहयोग की अपेक्षा करते हैं तथा निवेदन करते हैं कि अपने यहां रक्तदान शिविरों का आयोजन अधिक से अधिक संख्या में आयोजित करें।

आमतौर पर रक्तदान शिविर लगाने के पहले बहुत सारी व्यवस्थाऐं करनी पडती थी। लेकिन अब ऐसा रक्त वाहन आ गया है जिसे जहां चाहे बुलाओं और रक्तदान शिविर लगा लो चाहें गांव हो या शहर का कोई भी हिस्सा।

बस वाहन प्रभारी से संपर्क करें और स्थान बताइये तो सुसज्जित वाहन वहां पहुंच जाएगा और शुरु हो जाएगा रक्तदान शिविर। जी हां यह ऐसा वाहन है जिसे रक्तवाहन के नाम से जाना जाता है। इसमें गर्मी, सर्दी या बरसात का कोई असर नही होता है। पूरी तरह वातानुकूलित इस वाहन में रक्तदान करने वाले व्यक्ति को रक्तदान करने के साथ ही समुचित प्रमाण पत्र भी मिलता है।

हमारा संपर्क सूत्रः— 9554447873,
0551— 2257570, 2257138

डा0 अवधेश अग्रवाल

उप मुख्य चिकित्साधिकारी एवं ब्लड बैंक प्रभारी
गुरु श्री गोरक्षनाथ चिकित्सालय गोरखनाथ
गोरखपुर